# ग्रामीण विकास युवा संस्थान, सैंथल (दौसा)

## वार्षिक प्रगति प्रतिवेदन वर्ष 2012–2013

**1. एकीकृत जल संसाधन प्रबन्धन परियोजना :–**

(क) **एकीकृत जल संसाधन प्रबन्धन परियोजना (IWRM) :–** ग्रामीण विकास युवा संस्थान, दौसा द्वारा युरोपीयन संघ की सहायता से राज्य जल संसाधन आयोजना विभाग, राजस्थान सरकार, जयपुर के तत्वाधान में राजस्थान प्रदेश के झुन्झुनू जिले की पंचायत समिति नवलगढ़ एवं सुरजगढ़ की समस्त 72 ग्राम पंचायतों में दिनांक 23 सितम्बर 2011 से परियोजना संचालित की गई। IWRM परियोजना अन्तर्गत प्रत्येक ग्राम पंचायत स्तर पर 25 चयनित व्यक्तियों की ग्राम जल स्वास्थ्य एवं स्वच्छता समिति का गठन कर उक्त कमेटी का ग्राम सभा से नियमानुसार अनुमोदन कराया गया। उसके बाद प्रत्येक कमेटी के सभी सदस्यों को ग्राम पंचायत स्तर पर तीन–तीन दिवसीय प्रशिक्षण कराया गया। प्रशिक्षण में संस्थान के मास्टर ट्रेनरों एवं सन्दर्भ वक्ताओं ने IWRM परियोजना के बारे में जानकारी प्रदान कर परियोजना के उद्देश्यों से अवगत कराया गया। उसके उपरान्त प्रत्येक कमेटी द्वारा सम्बन्धित ग्राम पंचायतों का पीआरए किया गया। और पीआरए के माध्यम से ग्राम पंचायत की पानी की वर्तमान स्थिति का पता लगाकर ग्राम पंचायत में पानी से सम्बन्धित समस्त संसाधनों का चिन्हित किया गया। उसके बाद कमेटी के समस्त सदस्यों की आम सहमति से ग्राम पंचायत का IWRM प्लान तैयार किया गया। IWRM प्लान में ग्राम पंचायतों के समस्त डाटा एकीकृत कर ग्राम पंचायत में पानी का वर्तमान आवश्यकता एवं उपलब्धता को जॉच कर IWRM प्लान बनाया गया। जिसका ग्राम सभा से अनुमोदन कराने के उपरान्त जिला स्तरीय IWRM कमेटी से अनुमोदन कराया गया और उसके बाद अनुमोदित IWRM प्लानों को क्रियान्विति हेतु ग्राम पंचायतों में जमा करा दिये गये। संस्थान द्वारा वित्तिय वर्ष 2012–13 में समस्त ग्राम पंचायतों के कुल 72 IWRM प्लान तैयार कर ग्राम सभा एवं जिला स्तरीय IWRM कमेटी से अनुमोदन कराने के उपरान्त सम्बन्धित ग्राम पंचायतों में IWRM प्लान जमा करा दिये गये है। IWRM परियोजना की फाईनल रिपोर्ट भी नोडल अधिकारी से प्रमाणित करवाकर राज्य जल संसाधन आयोजना विभाग, राजस्थान सरकार, जयपुर में जमा करा दी है। जिसका विभाग द्वारा नियमानुसार अनुमोदन कर लिया गया है।

SECRETARY
Gramin Vikas Yuva Sansthan
Dausa (Raj.) India

(ख) एकीकृत जल संसाधन प्रबन्धन परियोजना (**IWRM**) :– ग्रामीण विकास युवा संस्थान, दौसा द्वारा युरोपीयन संघ की सहायता से राज्य जल संसाधन आयोजना विभाग, राजस्थान सरकार, जयपुर के तत्वाधान में राजस्थान प्रदेश के जोधपुर जिले की पंचायत समिति बाप की समस्त 32 ग्राम पंचायतों में दिनांक 11 दिसम्बर 2011 से परियोजना संचालित की गई। IWRM परियोजना अन्तर्गत प्रत्येक ग्राम पंचायत स्तर पर 25 चयनित व्यक्तियों की ग्राम जल स्वास्थ्य एवं स्वच्छता समिति का गठन कर उक्त कमेटी का ग्राम सभा से नियमानुसार अनुमोदन कराया गया। उसके बाद प्रत्येक कमेटी के सभी सदस्यों को ग्राम पंचायत स्तर पर तीन–तीन दिवसीय प्रशिक्षण कराया गया। प्रशिक्षण में संस्थान के मास्टर ट्रेनरों एवं सन्दर्भ वक्ताओं ने IWRM परियोजना के बारे में जानकारी प्रदान कर परियोजना के उद्देश्यों से अवगत कराया गया। उसके उपरान्त प्रत्येक कमेटी द्वारा सम्बन्धित ग्राम पंचायतों का पीआरए किया गया। और पीआरए के माध्यम से ग्राम पंचायत की पानी की वर्तमान स्थिति का पता लगाकर ग्राम पंचायत में पानी से सम्बन्धित समस्त संसाधनों का चिन्हित किया गया। उसके बाद कमेटी के समस्त सदस्यों की आम सहमति से ग्राम पंचायत का IWRM प्लान तैयार किया गया। IWRM प्लान में ग्राम पंचायतों के समस्त डाटा एकीकृत कर ग्राम पंचायत में पानी कर वर्तमान आवश्यकता एवं उपलब्धता को जॉच कर IWRM प्लान बनाया गया। जिसका ग्राम सभा से अनुमोदन कराने के उपरान्त जिला स्तरीय IWRM कमेटी से अनुमोदन कराया गया और उसके बाद अनुमोदित IWRM प्लानो को क्रियान्विति हेतु ग्राम पंचायतों में जमा करा दिये गये। संस्थान द्वारा वित्तिय वर्ष 2012–13 में समस्त ग्राम पंचायतों के कुल 32 IWRM प्लान तैयार कर ग्राम सभा एवं जिला स्तरीय IWRM कमेटी से अनुमोदन कराने के उपरान्त सम्बन्धित ग्राम पंचायतों में IWRM प्लान जमा करा दिये गये है। IWRM परियोजना की फाईनल रिर्पोट भी नोडल अधिकारी से प्रमाणित कराकर राज्य जल संसाधन आयोजना विभाग, राजस्थान सरकार, जयपुर में जमा करा दी है। जिसका विभाग द्वारा नियमानुसार अनुमोदन कर दिया गया है।

2. स्वर्ण जयन्ती ग्राम स्वरोजगार योजना :–

(क) स्वयं सहायता समुहों का गठन एवं निर्माण :– स्वयं सहायता समुहों के माध्यम से बी.पी.एल. परिवारों को बैंको से ऋण दिलवाकर आत्मनिर्भर बनाने हेतु भारत सरकार की सहायता से राजस्थान सरकार द्वारा संचालित स्वर्ण जयन्ती ग्राम स्वरोजगार योजना के अन्तर्गत ग्रामीण विकास युवा संस्थान का चयन जयपुर जिले की जमवारामगढ़ पंचायत समिति की 43 ग्राम

SECRETARY
Gramin Vikas Yuva Sansthan
India

पंचायतों में बी.पी.एल. परिवारों के स्वयं सहायता समूह बनाकर उनको स्वजरोजगार के जरिये आत्म निर्भर बनाने हेतु 26 नवम्बर, 2009 को कार्य प्रारम्भ किया गया। संस्थान द्वारा वर्ष 2012–13 अन्तर्गत 1 अप्रेल, 2012 से 31 मार्च, 2013 तक कुल 12 स्वयं सहायता समुह बनाकर 129 बी.पी.एल. परिवारों को लाभान्वित किया गया। स्वयं सहायता समूहो की मासिक बैठकों का आयोजन, बचत राशि, लेखा संधारण, बैक लिंकेज, नियमित किया जा रहा है। गतिविधिं का चयन कर कौशल विकास प्रशिक्षण कराया जा रहा है। जिसमें से 12 स्वयं सहायता समुहो की प्रथम एवं द्वितीय ग्रेड्गि कराकर समुहों को बैंको से भैस पालन एवं गलीचा उधोग, आरीतारी (जरी कढाई), गतिविधियों के लिए ऋण दिलाकर व्यवसाय शुरू करा दिया गया।

3. स्वर्ण जयन्ती शहरी स्वरोजगार योजना :–

(क) स्वर्ण जयन्ती शहरी स्वरोजगार योजना :– ग्रामीण विकास युवा संस्थान, दौसा स्वायत शासन विभाग, राजस्थान सरकार, जयपुर के सहयोग से नगर पालिका मण्डल बांदीकुई के तत्वाधान में शहरी क्षेत्र के बीपीएल परिवारों के बेरोजगार युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने हेतु 25 युवाओं को कम्प्युटर ऑपरेटर का त्रैमासिक निशुल्क प्रशिक्षण दिनांक 16 मार्च 2012 से 15 जून 2013 तक नगर पालिका क्षेत्र बांदीकुई में संचालित किया गया। जिसमें 16 महिलाओं एवं 9 पुरूषों ने कुल 25 लोगों ने नियमित प्रशिक्षण प्राप्त किया। 25 लोगों में से 19 लोगों को रोजगार एवं स्वरोजगार से जोड़ दिया गया। और बाकी 6 लोगों को रोजगार दिलाया जाना प्रस्तावित है।

4. कृषि प्रौधोगिकी प्रबन्धन परियोजना (आत्मा) :–

(क) दो–दो दिवसीय (बी–2 सी) कृषक समूह प्रशिक्षण :– ग्रामीण विकास युवा संस्थान, दौसा द्वारा आत्मा परियोजना अन्तर्गत कृषि विभाग, राजस्थान सरकार, दौसा के तत्वाधान में दौसा जिले की पंचायत समिति दौसा में दो–दो दिवसीय 12 (बी–2 सी) कृषक समूह प्रशिक्षण दिनांक 17.01.2013 से 17.03.2013 तक आयोजित किये गये। जिसमें कृषि विकास सम्बन्धित दो–दो दिवसीय कृषक प्रशिक्षण कुल 7 आयोजित किये गये। प्रति बैच में 30 कृषको ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। जिसमें ग्राम बोरोदा, चांदेरी, बिशनपुरा, आभी, सैथल, बड़ागॉव, धापड़दा में आयोजित किये गये। इस प्रकार कुल 210 कृषको ने कृषि प्रौद्योगिकी पर प्रशिक्षण प्राप्त किया। इसी प्रकार उद्यान विकास पर कुल 3 प्रशिक्षण आयोजित किये गये। जिसमें ग्राम [illegible]

SECRETARY
Gramin Vikas Yuva Sansthan
Dausa (Raj.)

सिंडोली, आलुदा, में आयोजित किये गये। जिसमें कुल 90 कृषकों ने उधान विकास पर प्रशिक्षण प्राप्त किया। और इसी क्रम में पशुपालन पर कुल 2 प्रशिक्षण आयोजित किये गये। जिसमें ग्राम कुण्डल, रामसिंहपुरा, में आयोजित किये गये। जिसमें कुल 60 कृषकों ने पशुपालन विकास पर प्रशिक्षण प्राप्त किया ।

(ख) **दो–दो दिवसीय (बी–5 ए) कृषक समूह निर्माण एवं प्रशिक्षण :–** ग्रामीण विकास युवा संस्थान, दौसा द्वारा आत्मा परियोजना अन्तर्गत कृषि विभाग, राजस्थान सरकार, दौसा के तत्वाधान में दौसा जिले की पंचायत समिति दौसा में दो–दो दिवसीय 10 (बी–5 ए) कृषक समूह प्रशिक्षण दिनांक 02.02.2013 से 11.02.2013 तक आयोजित किये गये। जिसमें कृषि विकास सम्बन्धित दो–दो दिवसीय कृषक समूह निर्माण एवं प्रशिक्षण कुल 5 आयोजित किये गये। प्रति बैच में 15 कृषको ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। जिसमें ग्राम जसोता, चांदराणा, नांगल बैरसी, खैरवाल, भाण्डारेज, में आयोजित किये गये। इस प्रकार कुल 75 कृषकों ने कृषि प्रौधोगिकी पर प्रशिक्षण प्राप्त किया। इसी प्रकार उधान विकास पर कुल 3 प्रशिक्षण आयोजित किये गये। जिसमें ग्राम सुरजपुरा, रलावता, कुण्डल, में आयोजित किये गये। जिसमें कुल 45 कृषकों ने उधान विकास पर प्रशिक्षण प्राप्त किया। और इसी क्रम में पशुपालन पर कुल 2 प्रशिक्षण आयोजित किये गये। जिसमें ग्राम लवाण, गोठडा, में आयोजित किये गये। जिसमें कुल 30 कृषकों ने पशुपालन विकास पर प्रशिक्षण प्राप्त किया ।

5. महिला एवं किशोरी बालिका विकास कार्यक्रम :–

(क) **ब्युटी पार्लर का प्रशिक्षण :–** ग्रामीण विकास युवा संस्थान दौसा द्वारा निदेशालय महिला अधिकारिता विभाग जयपुर के सहयोग से स्वावलम्बन योजना अन्तर्गत 30 गरीब, विधवा, तलाकशुदा, परित्यागिता, महिलाओं/किशोरी बालिकाओं को ब्युटी पार्लर व्यवसाय के माध्यम से रोजगार देने के लिए दो महिने हेतु ब्युटी पार्लर का प्रशिक्षण ग्राम बाप, जिला जोधपुर में दिनांक 2 मार्च 2013 से आयोजित किया गया है। जिसमें 30 गरीब, विधवा, तलाक शुदा, परित्यागिता, महिलाऐ एवं किशोरी बालिकाऐ प्रतिदिन भाग लेकर ब्युटी पार्लर का प्रशिक्षण प्राप्त कर रही है। प्रशिक्षण के उपरान्त उक्त महिलाओं/किशोरी बालिकाओं को स्वयं सहायता समुहों के जरीये बैंकों के माध्यम से ऋण दिलवाकर स्वरोजगार से जोडा गया। प्रशिक्षण के उपरान्त सभी महिलाओं ने अपने-अपने घरों पर ब्युटी पार्लर का कार्य शुरू कर प्रति माह तीन से चार हजार रूपये आमदनी प्राप्त करेगी।

SECRETARY
Gramin Vikas Yuva Sansthan
Dausa (Raj.) India

6. **दिशा परियोजना :–**

(क) **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण कार्यक्रम :–** ग्रामीण विकास युवा संस्थान दौसा द्वारा रिसर्च इण्डिया लखनउ की सहायता से जयपुर जिलें की पंचायत समिति जमवारामगढ की समस्त 43 ग्राम पंचायतों में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण कार्यक्रम से सम्बन्धित जागरूकता शिविरों का आयोजन दिनांक 25 नवम्बर 2013 किया गया। जागरूकता कार्यक्रम अन्तर्गत समस्त ग्राम पंचायत मुख्यालयों पर एक–एक दिवसीय शिविरों का आयोजन कर आम जनता को स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण के बारे में जानकारी प्रदान की इस प्रकार सभी 43 ग्राम पंचायतों पर शिविरों का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 10750 लोगों को जागरूकता के माध्यम से लाभान्वित किया गया।

7. **राजस्थान ग्रामीण आजीविका परियोजना :–**

(क) **बेरोजगार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने हेतु कार्यक्रम :–** ग्रामीण विकास युवा संस्थान दौसा द्वारा जिला परियोजना प्रबन्धन ईकाई, राजस्थान ग्रामीण आजीविका परियोजना, जिला दौसा के सहयोग से बेरोजगार युवक–युवकतियों को रोजगार से जोड़ने हेतु प्लसमेंन्ट के माध्यम से सात कम्प्युटर ऑपरेटर एवं पांच बहुउद्वेशीय कार्यकर्ता हेतु कुल 12 युवाओं को वित्तिय वर्ष 2012–13 में दिनांक 01.04.2012 से रोजगार से जोड़ा गया। इन युवाओं को आर. आर. एल. पी. कार्यक्रम अन्तर्गत कलस्टर लेवल पर संचालित कार्यालयों में रोजगार दिया गया है। इस प्रकार संस्थान बेरोजगारों को रोजगार उपलब्ध कराने हेतु प्रयासरत है।

8. **महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गांरन्टी योजना :–**

(क) **सामाजिक अंकेक्षण हेतु चयनित सदस्यों का प्रशिक्षण :–** पंचायत समिति जमवारामगढ के सहयोग से महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गांरन्टी योजना अन्तर्गत समस्त 43 ग्राम पंचायतों में नरेगा योजना अन्तर्गत संचालित कार्यो का सामाजिक अंकेक्षण करने के लिए पंचायत समिति द्वारा 86 सदस्यों का चयन किया गया था। उक्त सदस्यों को दो दिवसीय प्रशिक्षण ग्रामीण विकास युवा संस्थान, दौसा के माध्यम से दिनांक 16 से 17 दिसम्बर 2012 को आयोजित किया गया। जिसमें कुल 86 सदस्यो को सामाजिक अंकेक्षण से सम्बन्धित प्रशिक्षण प्राप्त किया गया।

9. **सहभागिता आवास योजना :–** आर्थिक दृष्टि से कमजोर एवं अल्प आय वर्ग के लोगों को सस्ते आवास उपलब्ध कराने हेतु राजस्थान सरकार के सहभागिता आवास योजना [illegible]

SECRETARY
Gramin Vikas Yuva Sansthan
Dausa

उक्त योजना अन्तर्गत शहरी क्षेत्र में सरकार प्राईवेट पाटर्नशिप योजना के तहत् सस्ते आवासों का निर्माण करा रही है। आवासों का आंवटन आर्थिक दृष्टि से कमजोर एवं अल्प आय वर्ग के लोगों को किया जाता है। और आंवटन के बाद बैंकों से कम ब्याज पर लाभार्थियों को लोन दिलवाने हेतु स्वयं सेवी संस्थाओं के माध्यम से लोन पत्रावली तैयार कराकर बैंकों में प्रस्तुत की जाती है। उक्त कार्यक्रम अन्तर्गत संस्थान को दौसा में प्रस्तावित योजना मै अमित कॉलोनाइजर्स लि. (जीरोता खुर्द, श्यामसरोवर, एन.एच. 11) के एल.आई.जी लाभार्थियों हेतु कार्यरत है। जिसमें संस्थान ने वित्तिय वर्ष 2012–13 में 52 एल.आई.जी लाभार्थियों की पत्रावली तैयार कर लोन हेतु पंजाब नेशनल बैंक, शाखा दौसा में प्रस्तुत कर दी है।

10. साक्षर भारत मिशन कार्यक्रम :–

(क) **स्वयं सेवको के तृतीय चरण का प्रशिक्षण** :– साक्षर भारत मिशन कार्यक्रम अन्तर्गत दौसा जिले की पंचायत समिति दौसा की समस्त 52 ग्राम पंचायतो में चयनित स्वयं सेवकों को तृतीय चरण का दो–दो दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण ग्रामीण विकास युवा संस्थान, दौसा के माध्यम से दिनांक 27.02.2013 से 12.03.2013 तक आयोजित किये गयें। जिसमें कुल 1300 स्वयं सेवकों को तृतीय चरण का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षित स्वयं सेवक अपने–अपने चयनित क्षेत्रों में निरक्षरों को साक्षर करने हेतु प्रयासरत है।

(ख) **स्वयं सेवको के तृतीय चरण का प्रशिक्षण** : साक्षर भारत मिशन कार्यक्रम अन्तर्गत दौसा जिले की पंचायत समिति लालसोट की समस्त 43 ग्राम पंचायतो में चयनित स्वयं सेवकों को तृतीय चरण का दो–दो दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण ग्रामीण विकास युवा संस्थान, दौसा के माध्यम से दिनांक 04.03.2013 से 12.03.2013 तक आयोजित किये गये। जिसमें कुल 1075 स्वयं सेवकों को तृतीय चरण का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षित स्वयं सेवक अपने अपने चयनित क्षेत्रों में निरक्षरों को साक्षर करने हेतु प्रयासरत है।

उपरोक्त कार्यक्रमों पर आधारित आपका संस्थान प्रगति के पथ पर कार्यरत है। संस्थान द्वारा क्रियान्वित की जाने वाली योजनाओं में आपका सहयोग, सुझाव, मार्गदर्शन, प्रेरणा एवं आर्थिक सहयोग अपेक्षित है।

SECRETARY
Gramin Vikas Yuva Sansthan
Dausa (Raj.) India

भवदीय

(पी.एल. मीणा)
सचिव